डा0 आर0पी0 सिंह
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, कानपुर–208002
उ0प्र0, भारत

पत्रांक:सीएसयए(डब्ल्यू)– 350 / 2022
दिनांक: जून 16, 2022

छात्रों के माता–पिता एवं नैक पीयर टीम के साथ बातचीत हेतु आमंत्रण पत्र

विषय:विश्वविद्यालय के कैलाश भवन में दिनांक 28 जून, 2022 को दोपहर 3.00 बजे छात्रों के अभिभावकों के साथ नैक पीयर टीम के साथ बातचीत हेतु आमंत्रण।

प्रिय अभिभावकगण,

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर की ओर से आपको यह अवगत कराते हुये अत्यन्त खुशी हो रही है कि हमारे विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के माता–पिता विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और अपने बच्चे के जीवन और करियर में रूचि लेने के लिये हम आपके आभारी है। आशा है कि आपके बच्चे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये हमारे विश्वविद्यालय की सुविधाओं का पूरी तरह से उपयोग कर रहे हैं। नैक मूल्यांकन हेतु हमारे विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC), बैंगलोर द्वारा मूल्यांकन और मान्यता हेतु दिनांक 27 जून, 2022 से 29 जून, 2022 के मध्य हमारे विश्वविद्यालय का दौरा कर रही है। नैक टीम दिनांक 28 जून, 2022 को विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओ के माता–पिताओं के साथ कैलाश भवन में बातचीत का एक सत्र आयोजित करेगी।

विश्वविद्यालय में अध्ययरनत छात्र–छात्राओं के माता–पिताओं के साथ नैक पीयर टीम इंटरेक्शन अनिवार्य सत्र है और इसलिये टीम के साथ बातचीत को सफल बनाने के लिये **दिनांक 28 जून, 2022 को अपरान्ह 3.00 बजे** विश्वविद्यालय के कैलाश भवन में आप सादर आमंत्रित है।

विश्वविद्यालय परिवार आपको सहृदय आमंत्रित करते हुये अनुरोध करता है कि जहाँ पर आप पढ़ाई कर रहे है, वहाँ पर अपना बहुमूल्य समय प्रदान करते हुये विश्वविद्यालय हित में नैक पीयर टीम के साथ इंटरेक्शन/बातचीत सत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का कष्ट करें। उपरोक्त आयोजित सत्र में आपकी भागीदारी की सहमति से हमें अवश्य अवगत करायें जिससे हमें अन्य व्यवस्थाऐं करने में हमें सहायता मिलेगी।

सधन्यवाद।

(आर0पी0 सिंह)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. डा0 धर्म राज सिंह, अधिष्ठाता, कृषि संकाय।
2. डा0 पी0के0 उपाध्याय, अधिष्ठाता, गृह विज्ञान संकाय।
3. डा0 मुनीश कुमार, नोडल अधिकारी, आई.सी.ए.आर।
4. समस्त नोटिस बोर्ड।
5. कुलपति के तकनीकी सचिव।

(आर0पी0 सिंह)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण